हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 जनवरी 2024

13 सेम समस्या के समर्थन में बंद रहा भट्टू, 28 को महापंचायत



14 नेताजी जी जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई



## खबर संक्षेप

### मकान में घुसकर सोने की चेन व नकदी चुराई

**फतेहाबाद।** थाना सदर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में गांव कुकडांवाली निवासी खुशप्रीत ने कहा है कि गत दिवस वह अपने माता के साथ खेत में पशुओं के लिए चारा लेने गया था। करीब एक घंटे बाद जब वह वापस घर आया तो देखा कि घर में संदूकों वाले कमरे के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अज्ञात चोर संदूक रखी सोने की चैन और 20 हजार रुपये की नगदी गायब थी।

### हेरोइन सहित एक गिरफ्तार

**सिरसा।** सीआईए डबवाली प्रभारी विरेंद्र सिंह ने बताया कि एसआई राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गांव देसूजोधा से एक व्यक्ति को शक के आधार पर रोककर उसकी तालाशी ली तो उसके पास से 2 ग्राम 56 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान गुरप्रेम सिंह उर्फ गुरप्रीत निवासी पन्नीवाला मोरका के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शहर थाना डबवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु की गई है।

### स्वामी तेजगिरी जी कुटिया में हुआ सुंदरकांड पाठ

**फतेहाबाद।** श्री अयोध्या धाम में हुए श्रीरामलला की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर स्वामी तेजगिरि जी कुटिया में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा सुंदर कांड का पाठ किया गया। कुटिया में ज्योति प्रचंड के साथ-साथ श्रद्धालुओं द्वारा मंत्रोच्चारण और श्रीराम महिमा का गुणगान किया गया।

### गाड़ी चोरी मामले में आरोपी को किया काबू

**रतिया।** थाना शहर रतिया पुलिस ने रामनगर कॉलोनी रतिया से गाड़ी चोरी मामले में कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान पंजाब के दीपक को तौर पर हुई है। पुलिस आरोपी को आज कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लेगी।

### जेवरात चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार

**रतिया।** शहर टोहाना पुलिस ने गुप्ता कॉलोनी चंडीगढ़ रोड, टोहाना से सोना चांदी के जेवरात चोरी करने के मामले में कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति ने अपना नाम कामराज निवासी टोहाना बताया है। पुलिस ने आरोपी को आज कोर्ट मे पेश किया गया जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### अनाज मण्डी व्यापारी पर हमला कर भागे चोर

**रतिया।** पुलिस को दी शिकायत में गांव बोड़ा निवासी रणजीत सिंह ने कहा है कि उसकी अनाज मण्डी, रतिया में दुकान है। कुछ दिन पूर्व अज्ञात चोर उसकी दुकान के ताले तोड़कर अंदर जा घुसे और चोरी का प्रयास किया। इसी दौरान दुकान मालिक बलजिन्द्र सिंह भी मौके पर पहुंच गया। जब बलजिन्द्र सिंह ने चोरों का विरोध किया तो चोरों ने उस पर लोहे की राड से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। रतिया पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जाखल में दो सिलैण्डर चोरी, आरोपी गिरफ्तार


**फतेहाबाद।** जाखल में चोर एक मकान में घुसकर हजारों का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में बाजीगर बस्ती जाखल निवासी सतपाल सिंह ने कहा है कि गत रात्रि वह घर पर सोया हुआ था। रात करीब 3 बजे जब वह उठा तो देखा कि रसोई का गेट खुला पड़ा था। जब उसने रसोई में जाकर सामान की जांच की तो पायास कि अज्ञात चोर रसोई में घुसकर वहां रखे दो गैस सिलैण्डर चोरी कर ले गया है। इस पर पहले उसने आसपास तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 4 दिन और ठंड का प्रकोप बना रहेगा, 25 को पश्चिमी विक्षोभ होगा एक्टिव

# शीत हवा चलने से मंगलवार रहा सबसे सर्द दिन, 3 डिग्री पहुंचा न्यूनतम तापमान

- प्रदेश के अधिकांश जिलों में 28 जनवरी तक कोल्ड डे और शीत लहर का सितम जारी रहेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। धुंध की आगोश में शहर। फोटो : हरिभूमि

पिछले एक महीने से प्रदेश में कोहरे ने कोहराम मचा रखा है। जनवरी माह में कोहरा, धुंध व बादल छाये रहने के कारण ठंड अपनी चरम सीमा पर पहुंच गई है। लगातार 20 दिनों से भीषण ठंड के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अभी 4 दिन ओर ठंड का प्रकोप बना रहेगा। प्रदेश के अधिकांश जिलों में 28 जनवरी तक कोल्ड डे और शीत लहर का सितम जारी रहेगा। मंगलवार को 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने से दिन का तापमान 11.9 डिग्री तक गिर गया जबकि न्यूनतम तापमान 3 डिग्री के आसपास ही रहा।

सोमवार को रात का तापमान 3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि दिन का तापमान 12 डिग्री के आसपास घूमता रहा जोकि सामान्य तापमान से काफी कम है। मौसम विभाग के अनुसार अभी दो दिन कई इलाकों में घना कोहरा छाया रहेगा। शीतलहर से अभी राहत के आसार कम हैं। 24 जनवरी तक प्रदेश में कोहरे, शीत दिन और शीत लहर का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि 25 जनवरी को पहाड़ों में पश्चिमी विक्षोभ असर दिखा सकता है। इससे बर्फबारी या बारिश हो सकती है। इससे प्रदेश में सर्दी का प्रकोप बढ़ सकता है। उनका कहना है कि प्रदेश में ठंड की चरम स्थिति के पीछे मुख्य कारण कमजोर पश्चिमी विक्षोभ का सक्रिय होना है। साथ ही उत्तर पश्चिमी हवाओं के कारण शीतलहर चल रही है। इन हवाओं के साथ ही बीच-बीच में दक्षिण-पूर्वी व दक्षिण-पश्चिमी नमी वाली हवाओं के चलने से मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है।

शादी-विवाह का सीजन होने के कारण रोड पर वाहनों की संख्या भी बढ़ रही है, लेकिन कोहरे की वजह से लोग काफी परेशान नजर आ रहे हैं। जनवरी माह खत्म होने को है, लेकिन इस बार कोहरे की वजह से लगातार ठंड पड़ रही है। दिन के समय भी देर तक कोहरा छाए रहने की वजह से अधिकतम तापमान नहीं बढ़ पा रहा है। यही कारण है कि अधिकतम तापमान 15 डिग्री से नीचे चल रहा है। सोमवार को दिन में दो घंटे धूप निकली थी जिससे लोगों को राहत मिली थी लेकिन देर शाम को उत्तर-पश्चिमी शीत लहर चलने से ठंड ओर बढ़ गई। मंगलवार को भी दिनभर 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से शीत लहर चलती रही जिससे कंपकपी ओर बढ़ गई। मंगलवार को सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। मंगलवार को सीजन का सबसे ठंडा दिन माना जा रहा है।

### पीली पड़ने लगी गेहूं की फसल

पिछले 20 दिनों से लगातार कोहरा, धुंध व बादल छाये रहने से धूप नहीं निकली। हालांकि कुछ दिन 1-2 घंटे धूप निकली तो उसका फसलों को कोई फायदा नहीं हुआ। धूप न निकलने से गेहूं की फसल लगातार पीली पड़ती जा रही है। आमतौर पर रात में ठंड और दिन में धूप निकलने से गेहूं को फायदा होता है। ऐसे मौसम में गेहूं की बालियों को भोजन पर्याप्त मात्रा में मिलता है। अब धूप न निकलने से गेहूं पीली पड़ती जा रही है। फतेहाबाद के कृषि उपनिदेशक डॉ. राजेश सिहाग ने कहा कि लगातार धुंध के कारण यह स्थिति उत्पन्न हो रही है। जैसे ही धूप निकलेगी, गेहूं को फायदा होगा।



रतिया। दीप प्रज्ज्वलित करते हुए अग्रवाल वैश्य समाज के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# अग्रवाल वैश्य समाज ने रतिया में जलाये दीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

अग्रवाल वैश्य समाज रतिया द्वारा श्री राम भव्य मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा पर अग्रवाल धर्मशाला में भव्य दीपोत्सव कार्यक्त्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर अग्रवाल सभा के प्रधान प्रमोद बंसल ने भाग लिया जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर श्री सती माता मंदिर कमेटी के प्रधान सोमनाथ गर्ग, जिलाध्यक्ष राजेंद्र मित्तल, इनेलो नेता जे के अग्रवाल, बीजेपी हलका अध्यक्ष सुखविंदर गोयल, पार्षद प्रतिनिधि विक्की गर्ग, पार्षद विजय कुमार ने भाग लिया। अध्यक्षता प्रधान लवकेश मित्तल ने की। इस अवसर पर अग्रवाल वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र मित्तल, हल्का रतिया अध्यक्ष लवकेश मित्तल, युवा जिला अध्यक्ष मोहित गर्ग, जनक राज गोयल, विपिन गोयल, अजय गोयल, मक्खन सिंगला, नितेश जिंदल, सुरेश गर्ग, मुनीष सिंगला, षभ गर्ग, नीटू गोयल, नरेंद्र बंसल,पवन गुप्ता, जीवन कुमार, निर्मल जैन भी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रमोद बंसल व सोमनाथ गर्ग ने कहा कि महाराजा अग्रसैन का जन्म श्रीराम जी के पुत्र कुश की 34वीं पीढ़ी में हुआ था, इस नाते महाराजा अग्रसैन भी श्रीराम के परिवार से ही आते हैं इसलिए अग्रवाल समाज के लोगों में भारी उत्साह है। इस अवसर पर सदस्यों ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को सम्मानित किया।

# बच्चों ने गणतंत्र दिवस समारोह की रिहर्सल की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाने के उद्देश्य से बुधवार को सुबह 9.58 बजे शहीद भगत सिंह स्टेडियम में फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में मंगलवार को विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं की पीटी परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रिहर्सल हुई। नगराधीश अजय सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में शानदार परेड, मार्च पास्ट के अलावा देशभक्ति से ओत प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र होंगी। समारोह में मुख्यअतिथि द्वारा शहीदों तथा स्वतंत्रता सैनानियों व उनके परिजनों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने निर्देश दिए कि जिलास्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में अधिकारी और कर्मचारी गंभीरता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें। इसके अलावा स्कूल इंचार्ज व नागरिक भी समारोह को सफल बनाने व समारोह के दौरान अनुशासन बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। मंच पर स्वतंत्रता सेनानियों, विशिष्ट अतिथियों व पत्रकारों के लिए अलग से व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि समारोह स्थल पर पुरुषों व महिलाओं के बैठने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की जाए। इसके अलावा पीने के पानी की भी समुचित व्यवस्था की जाए।

# सांसद ने लोगों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत करती सांसद सुनीता दुग्गल।

सांसद सुनीता दुग्गल ने मंगलवार को जिला में सिरसा लोकसभा क्षेत्र केविभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने गांव मानावाली, खैराती खेड़ा, शहीदांवाली, कुकड़ावाली, अहलीसदर, भटटू सोत्तर व खुनन में कार्यकर्ताओं से भेट की और नागरिकों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। सांसद ने कहा कि सरकार द्वारा गांव में बच्चों के पढ़ने के लिए ई-लाईब्रेरी, सामुदायिक केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बच्चों के खेल के लिए गांवों में व्यायामशाला तथा खेल स्टेडियम, प्रत्येक गांव में हर घर पर पीने के पानी की व्यवस्था, प्रत्येक गांव में बिजली की व्यवस्था, गन्दे पानी की निकासी की व्यवस्था, गांवों की गलियों तथा खेत के रास्तों को पक्का करवाने का कार्य तेजी से करवाए जा रहे हैं। सांसद ने कहा जितनी भी समस्याएं ग्रामीणों ने बताई, उनको जल्द दूर किया जायेगा। सांसद ने गांव मानावाली में पूर्व सरपंच दिवान सिंह रावत, गांव खैराती खेड़ा में विजय सिंह कसाना, गांव कुकड़ावाली में सरपंच जोगेंद्र, शहीदांवाली में सरपंच महाराणा प्रताप, अहसीलदर में सरपंच विक्रम सिंह, भट्टू सोतर में सरपंच मांगे राम, गांव खुनन में सरपंच सोनू, बिट्टू गुर्जर, वाइस चेयरमैन मदन, कैप्टन उमेद सिंह, बुधराम चाहड़, बबलू, रमेश, संदीप से मुलाकात की।

# गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। एसपी विक्रांत भूषण सभी थाना प्रभारियों की बैठक लेते हुए।

शहीद भगत सिंह स्टेडियम में मनाए जाने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर जिला पुलिस की ओर से सुरक्षा के चाक-चौबंद प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने जिला के सभी थाना प्रभारियों की बैठक लेकर इस संबंध में कड़े निर्देश देते हुए गणतंत्र दिवस के दौरान विशेष सावधानी और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस पर हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ध्वजारोहण करेंगे। आईपीएस राजेश मोहन एएसपी हिसार परेड कमांडर होंगे। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा तथा विभिन्न प्रकार की झांकियां भी निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए पूरे जिलाभर में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए है। समारोह के दौरान जिला में किसी तरह की कोई अप्रिय घटना अथवा किसी भी तरह से शांति भंग न हो इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा प्रबंधों के तहत जिला भर में चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखने व संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की गहनता से जांच करने के कड़े दिशा निर्देश दिए गए हैं।

# किसानों ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

- फसलों का मुआवजा, सिक्योरिटी चार्ज खत्म करने और पटवारियों की हड़ताल खत्म करवाने की मांग को उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। किसान सभा की बैठक को संबोधित करते पूर्व जिला पार्षद रामस्वरूप ढाणी गोपाल। फोटो : हरिभूमि

मुख्यमंत्री मनोहर लाल 24 जनवरी को भूना क्षेत्र के गांव डूल्ट आएंगे। ऐसे में किसान संगठनों ने मुख्यमंत्री के सामने किसानों की विभिन्न समस्याओं को उठाने की तैयारी कर ली है। इसको लेकर किसान सभा की बैठक प्रधान मुंशीराम की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन सचिव सोमनाथ ने किया। बैठक को किसान नेता एवं पूर्व जिला पार्षद रामस्वरूप ढाणी गोपाल ने भी संबोधित किया। बैठक के बाद नायब तहसीलदार भूना को मुख्यमंत्री के नाम सौंपकर किसानों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की गई।

किसान नेता रामस्वरूप ढाणी गोपाल ने कहा कि 2022 में भूना क्षेत्र में हुई भारी बरसात से यहां के मकानों और दुकानों को काफी नुकसान हुआ। करीब 20 दिनों तक भूना में आवाजाही तक बंद हो गई थी। इस मामले में सरकार ने घरों को हुए नुकसान का कुछ मुआवजा दे दिया है लेकिन इस बरसात से किसानों की फसलें जलभराव के कारण पूरी तरह नष्ट हो गई थी और किसानों को भारी नुकसान हुआ था, जिसकी गिरदावरी की मांग और मुआवजे को लेकर किसानों द्वारा बार-बार सरकार से अनुरोध किया गया। इस मांग को लेकर किसानों द्वारा डीसी कार्यालय के बाहर धरना भी दिया गया। उस समय सरकार ने किसानों को जल्द मुआवजा दिए जाने की आश्वासन दिया था लेकिन अभी तक किसानों को उनकी खराब हुई फसलों का मुआवजा नहीं मिला है, जिससे किसानों में सरकार के खिलाफ भारी गुस्सा है। ज्ञापन में किसान सभा ने 2022 में जलभराव से फसलों को हुए नुकसान का तुरंत मुआवजा जारी करने की मांग की ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके। इसके अलावा बिजली बिलों में हो रही गड़बड़ी का मुद्दा उठाते इसे दूर करने की मांग की गई।

## मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा

# सीएम आज फतेहाबाद में, देंगे करोड़ों की सौगात



फतेहाबाद। जिला में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त अजय सिंह तोमर। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जिला में 24 जनवरी के दौरे को लेकर जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है। मंगलवार को उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 24 जनवरी को सुबह 10 बजे लुवास, हिसार से प्रदेश के विभिन्न जिलों की अनेक विकास परियोजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम में जिला की 263 करोड़ 24 लाख 92 हजार रुपये की दस परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास शामिल है। इसके उपरांत मुख्यमंत्री रतिया के पूजा मैरिज पैलेस में आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

### रतिया-फतेहाबाद-भट्टू भादरा रोड का शिलान्यास करेंगे

मुख्यमंत्री जिला की 4 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत से गांव दीवाना में कनाल वाटर वर्क्स, एक करोड़ 77 लाख 66 हजार रुपये से बने सामुदायिक केंद्र जल्लोपुर, एक करोड़ 77 लाख रुपये से बने सामुदायिक केंद्र नागपुर, 3 करोड़ 19 लाख 34 हजार रुपये की लागत से बने राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूना में 12 एसीआर, 3 लैब व शौचालयों तथा एक करोड़ 12 लाख 50 हजार रुपये की लागत से राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाखल के 8 एसीआर, 3 लैब और लाइब्रेरी का उद्घाटन करेंगे। शहर के लिए 55 करोड़ 22 लाख रुपये व गांव महमड़ा में 4 करोड़ 47 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नहरी आधारित जलघर, गांव हसंगा में 3 करोड़ 5 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गांव खारा खेड़ी में 4 करोड़ 90 लाख रुपये की लागत से बनने वाले द्वितीय जलघर तथा 185 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बुढ़लाडा पंजाब बॉर्डर से रतिया-फतेहाबाद-भट्टू भादरा को जाने वाले रोड का शिलान्यास करेंगे।

### 60 अमृत सरोवर प्लस तालाबों के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण

इसी दिन मुख्यमंत्री दोपहर बाद 2 बजे गांव डूल्ट में जिला के 31 अमृत सरोवर सहित प्रदेश के 60 अमृत सरोवर प्लस तालाबों के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण करेंगे। फतेहाबाद में लगभग 21 करोड़ रुपये की लागत के गांव डूल्ट, घोटड़ू, धौलू, चंदड़ कलां व खुर्द, ठरवा, फतेहपुरी, कमालवाला, सिधानी, रत्ताथेह, गुल्लरवाला, रत्ताखेड़ा, इंदाछोई, नागपुर, हसंगा, बोस्ती, बुआन, ढाणी भोजराज, लहरियां, नाढोड़ी, डांगरा, चितैण, गाजुवाला, जमालपुर शेखां, जापतेवाला, कुलां, लोहाखेड़ा, नांगली, पिरथला के अमृत सरोवर तालाब शामिल है। उपायुक्त ने लोक निर्माण विभाग सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रतिया व गांव डूल्ट में हैलीपेड के लिए अच्छी तरह से तैयारी कर ले। मुख्यमंत्री मनोहर लाल गांव डूल्ट में ई-लाइब्रेरी, अमृत सरोवर का निरीक्षण करेंगे। गांव के ग्राम सचिवालय में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

# सीएम के दौरे के मद्देनजर ड्रोन व ग्लाइडर की उड़ान पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिलाधीश अजय सिंह तोमर ने 24 जनवरी को मुख्यमंत्री मनोहर लाल के दौरा कार्यक्रम के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टि से हैलीपेड व जनसभा स्थल की 5 किलोमीटर के दायरे में धारा 144 लगाते हुए किसी भी प्रकार के मानव रहित हवाई उड़ान जैसे ड्रोन/पैराग्लाइडर आदि का उपयोग व उड़ाने पर प्रतिबंध लगाया है। आदेशों की अवहेलना में दोषी व्यक्ति या व्यक्तियों पर भारतीय दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 188 के तहत कार्यवाही की जाएगी। जिलाधीश ने भारतीय दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ये आदेश जारी किए है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों में बताया गया है कि 24 जनवरी को गांव डूल्ट में अमृत सरोवर परियोजना के उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर रहे हैं। सुरक्षा की दृष्टिगत से हैलीपेड स्थल गांव नथवान, जनसभा स्थल गांव डूल्ट, पूजा कस्टल मैरिज पैलेस रतिया की पांच किलोमीटर के क्षेत्र में किसी भी प्रकार के मानव रहित हवाई उड़ान जैसे ड्रोन, ग्लाइडर आदि की उड़ान पर प्रतिबंध लगाते हुए अस्थाई रेड जोन घोषित किया। इसके अलावा इन स्थानों पर शस्त्र, आग्नेय हथियार, लाठी, तलवार, भाला लेकर चलने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। पेट्रोल पम्पों पर बोतल और कैन में डीजल और पेट्रोल ले जाने पर रोक रहेगी।

## खबर संक्षेप

### 34 भारी वाहनों के किए चालान

**अंबाला।** गलत लेन में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी है। मंगलवार का पुलिस ने नियम तोड़ने वाले 34 भारी वाहनों के चालान किए। अब तक बीते 615 दिनों में पुलिस 30,068 भारी वाहनों के चालान कर चुकी है। ऐसे वाहन चालकों की लापरवाही से हादसों में इजाफा हो रहा है। इसी वजह से अब पुलिस भारी वाहनों चालकों पर शिकंजा कस रही है।

### नशा तस्करी में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-1 ने चूरापोस्त तस्करी में आरोपी सुनील को प्रोडक्शन वारंट के जरिए काबू किया है । उसके कब्जे से पुलिस ने 2 क्विंटल 37 किलोग्राम डोडा चूरापोस्त जब्त किया था। पुलिस ने अब आरोपी को 7 दिन के रिमांड पर लिया है। इस मामले में पहले एक आरोपी गिरफ्तार हो चुका है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बतलाया कि सुनील भी इस मामले में संलिप्त है। 12 जनवरी 2024 को पुलिस ने सूचना के आधार पर भारी मात्रा में चूरापोस्त जब्त किया था। था।

### वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**अंबाला ।** थाना बलदेव नगर में दर्ज मामले में वांछित आरोपी पार्थ कुमार को काबू किया है। अदालत ने आरोपी को पीओ घोषित किया था। दरअसल आरोपी पहले दर्ज केस की सुनवाई में शामिल नहीं हो रहा था। इसी वजह से उसे पीओ घोषित किया था। अब अदालत ने आरोपी को जेल भेजने के आदेश जारी कर दिए हैं।

### विवाहिता को घर से निकाला, केस दर्ज

**पानीपत।** पानीपत की गोपाल कालोनी निवासी विवाहिता की शिकायत पर थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने उसके पति बिंद्र व सास सुरेश निवासी गांव पसीना कलां जिला पानीपत के खिलाफ दहेज एक्ट, मारपीट आदि आरोपों में केस दर्ज करवाया है। विवाहिता का आरोप है कि पति व सास ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पाकिस्तान जाने वाले श्रद्धालुओं से आवेदन मांगें

**पानीपत।** गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस और महाराजा रणजीत सिंह की पुण्यतिथि पर जून में पाकिस्तान में स्थित गुरुद्वारा में जाने के लिए भारतीय श्रद्धालुओं/जत्थों से भारत सरकार द्वारा आवेदन मांगे गए हैं। आवेदनकर्ता राज्य सरकार को इसके लिए आगामी 15 अप्रैल तक राज्य सरकार द्वारा जारी प्रोफार्मा भरकर आवेदन कर सकते हैं।

### कष्ट निवारण समिति की बैठक 31 को

**यमुनानगर।** जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 31 जनवरी को आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा की महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री कमलेश ढांडा करेंगी। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला कष्ट निवारण समिती की बैठक सुबह साढ़े 11 बजे होगी। जिसमें हरियाणा की महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री कमलेश ढांडा परिवादों की सुनवाई करेंगी। उन्होंने समिति सदस्यों व अधिकारियों को समय पर बैठक में पहुंचने के लिए आहवान किया है।

# कड़ाके की ठंड का कहर जारी, जनजीवन बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

मौसम में बनी पिछले एक महीने से कड़ाके का ठंड का कहर जिले में बादस्तूर जारी है। मंगलवार को भी दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और सुबह के वक्त घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से लोग घरों में दुबके रहे। वहीं, दोपहर तक वाहनों की रफ्तार धीमी रही और तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई।

■ सुबह घना कोहरा छाए रहने से वाहनों की रफ्तार रही कम

मंगलवार को तड़के तीन बजे से ही जिले में शीतलहर और घना कोहरा का प्रकोप बढ़ने लगा था। आलम यह था कि सड़कों पर सुबह दस बजे तक घना कोहरा छाया रहा। जिसमें लोगों को चार फुट की दूरी पर भी वाहन व अन्य कोई वस्तू दिखाई नहीं दी। वाहन चालक लाइटें जलाकर सड़कों से गुजरने पर मजबूर थे। सुबह करीब ग्यारह बजे के बाद घना कोहरा तो कम हो गया। मगर दिन भर आसमान में धुंध के बादल छाए रहे और शीतलहर चलती रही। जिससे लोगों के कामधंधे प्रभावित रहे।



यमुनानगर। मंगलवार को घने कोहरे में सड़कों पर लाइटें जलाकर गंतव्य पर पहुंचते वाहन ।

### महीने भर से नहीं खिली अच्छी धूप

मॉडल टाऊन निवासी कमल, अमित सैनी, विशाल व संजय का कहना है कि इस बार पिछले एक महीने से अब तक एक भी दिन अच्छी धूप नहीं खिली है। गत 26 दिसंबर से लेकर अब तक आसमान में जहां रोजाना धुंध के बादल छाए रहते हैं, वहीं, सुबह के वक्त घना कोहरा व शीतलहर ने लोगों का जीना हराम कर रखा है। लोग ठंड में ठिठूरते हुए अपने काम धंधे निपटाने को मजबूर हैं।

### तापमान में आई गिरावट

जिले में मंगलवार को घना कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से तापमान गिरकर अधिकतम 14 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 5 डिग्री सेल्सियस रह गया। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो अगले दो तीन दिन तक तापमान में गिरावट होने की संभावना है।

## ठंड का सितम जारी, अलाव का लोग ले रहे सहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

जिला में मंगलवार को भी ठंड का सितम जारी रहा। शीतलहर के कारण हर कोई ठंड से बचने के उपाय ढूंढता दिखाई दिया। ठंड से बचने के लिए ज्यादातर दुकानदारों ने अलावा जलाया। शीतलहर बेजुबान पशुओं पर भी भारी पड़ रही है। सड़कों पर घूम रहे गोवंश के लिए यह ठंड खतरा साबित हो सकती है। धूप न निकलने से सर्दी बढ़ गई है। कड़ाके की ठंड से हर कोई परेशान है। दिन के समय शीतलहर चलने के कारण ठंड अधिक हो रही है। मंगलवार को सुबह के समय हल्की धुंध थी। बाद में कोहरा छंट गया। बादल छाने के कारण दिनभर धूप नहीं निकली। सुबह से लेकर शाम तक ठंडी हवा चलने के कारण अधिकतर लोग अपने घरों के अंदर ही दुबके रहे। ठंड के चलते जन जीवन प्रभावित हो रहा है। सडकों के किनारे कई स्थानों पर लोग अलाव से हाथ सेंककर ठंड से बचाव करते नजर आए।

■ शीतलहर बेजुबान पशुओं पर भी भारी पड़ रही



कुरुक्षेत्र। सुबह आसमान में छाई धुंध व अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

### सब्जियों को नुकसान होने की संभावना

किसानों का कहना है कि एक बार फिर से ठंडक बढ़ गई है। जिससे सब्जियों में थोड़ी गलन बढने लगी है। यदि कई दिनों तक धूप नहीं निकली तो सब्जियों को नुकसान होने की संभावना है। वही सर्दी के चलते खांसी, जुकाम व सामान्य बुखार के मरीज बढ़ने लगे है। अधिकतम तापमान 13 व न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज किया गया है। धुंध व शीत हवाओं के चलने से ठंड बढ़ गई है। ठंड के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर छोटे-छोटे बच्चों के लिए ठंड में स्कूल तक का सफर करने में बच्चे ठिठुरते नजर आए। लोगों को कहना है कि ठंड के कारण जीना मुश्किल हो गया है। वहीं नगर के पार्कों व बाजारों से रौनक घट गई है। बाजारों में इक्का-दुक्का लोग ही खरीदारी को लेकर आ रहे हैं। वहीं पार्क खाली-खाली से नजर आ रहे हैं। ठंड के कारण लोगों को घरों में दुबकने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। शीत हवाओं व धुंध के कारण लोगों को सफर करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# मुख्यमंत्री आठ फरवरी को अयोध्या जाएंगे

## चंडीगढ़ से जन शताब्दी एक्सप्रेस के माध्यम से पानीपत पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

मुख्यमंत्री मनोहरलाल मंगलवार को चंडीगढ़ से जन शताब्दी एक्सप्रेस के माध्यम से पानीपत पहुंचे। पानीपत स्टेशन पर पहुंचने पर जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने मुख्यमंत्री का बुके देकर स्वागत किया। भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने भी पानीपत के रेलवे स्टेशन पर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री मनोहरलाल पानीपत सड़क के माध्यम से रोहतक के लिए रवाना हुए। इससे पहले मुख्यमंत्री लाल रेलवे के गेस्ट हाउस में पहुंचे और वहां जलपान किया। मीडिया से संक्षिप्त बातचीत में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आठ फरवरी को वे अध्योध्या में श्री रामलला के दर्शन करने जाएंगे।

■ सीएम मनोहरलाल पानीपत सड़क के माध्यम से रोहतक के लिए रवाना हुए



पानीपत रेलवे स्टेशन पर पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल, साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट। फोटो : हरिभूमि

# रोडवेज कर्मी मांगों को लेकर आज करेंगे चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कुरुक्षेत्र

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चे के आह्वान पर 24 जनवरी की सांकेतिक हड़ताल की तैयारी के लिए वर्कशॉप गेट पर बैठक की गई। राज्य मोर्चा सदस्य जयबीर घणघस, इंद्र सिंह बधाना, कृष्ण न्यारा,माया राम ने कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि सांझे मोर्चे प्रतिनिधिमंडल की परिवहन मंत्री व उच्च अधिकारियो के साथ 11 जनवरी, 10 मार्च, 23 जून व 13 दिसम्बर को चार दौर की बातचीत हो चुकी हैं। सरकार कर्मचारियों की मांगों को जायज मानती हैं जिन्हें शीघ्र लागू करने का आश्वासन देती रही हैं परंतु मानी गई मांगो के परिपत्र जारी नही कर रही हैं। जिससे कर्मचारियों में सरकार की कार्यशैली व वादाखिलाफी के खिलाफ रोष हैं। सरकार मानी गई मांगों को लागू न करके कर्मचारियों को हड़ताल जैसे आंदोलन करने को मजबूर कर रही हैं। सरकार समय रहते मानी गई मांगों के परिपत्र जारी करे अन्यथा सांझा मोर्चा सांकेतिक हड़ताल आगे बढ़ने पर विवश होगा। सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार समय रहते मानी गई मांगो के परिपत्र जारी करे अन्यथा सांकेतिक को आगे भी बढ़ाया जा सकता हैं।

■ मानी गई मांगों का परिपत्र जारी नहीं करने पर आदोलन की चेतावनी



कुरुक्षेत्र। रोडवेज कर्मियों को संबोधित करते यूनियन नेता। फोटो : हरिभूमि

**ये है मांगें:** मुख्य मांगों में हिट एंड रन भारतीय न्याय सहिता काले कानून को तुरंत वापिस लिया जाए, 265 मार्गो पर असिमत परमिट पॉलिसी को वापिस लेकर रोडवेज बेड़े में नई बसे खरीदी जाए,परिचालक,चालक, लिपिकों की वेतन विसंगति दूर की जाए,देय अवकाश कटौती पत्र वापिस लिया जाए,बसों के मरमत कार्य कम्पनी को न दिया जाए, 2016 में भर्ती हुए चालको सहित दादरी डिपो के 52 हेल्परो को पॉलिसी बना कर पक्का किया जाए,2002 में भर्ती हुए चालको को नियुक्ति से पक्का करके इन्हें पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए,28/10/2005 से पहले भर्ती प्रकिया के तहत भर्ती होने वाले कर्मचारियों को सरकार के आदेशों अनुसार पुरानी पेंशन योजना में शामिल किया जाए, ग्रुप डी के कर्मचारियों को कॉमन कडर से बहार करके तकनीकी पदों पर प्रमोशन की जाए, बकाया कई वर्षों के बोनस का भुगतान किया जाए,तकनीकि वेतनमान से वंचित कर्मचारियों को तकनीकी वेतन मान दिया जाए।

## सूने घर से 90 हजार की नकदी समेत आभूषण चोरी

यमुनानगर। शहर की कुलदीप नगर कॉलोनी से चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 90 हजार रुपये की नकदी तथा लाखों रुपये के सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के सदस्य वैष्णो देवी माथा टेकने के लिए गए हुए थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविकांत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर पर ही ज्वैलरी बनाने का काम करता है। 19 जनवरी को वह घर का ताला लगाकर परिवार के साथ वैष्णो देवी मंदिर में माथा टेकने के लिए गया था। वह वह देर शाम वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। घर में रखी दो अलमारियों के ताले व लॉकर टूटे हुए थे। जांच करने पर अलमारी में रखी दो सोने की चेन, एक जोड़ी झुमकी, चार जोड़ी टोपस, सोने की चार अंगूठियां, एक मंगलसूत्र, एक पैंडल, आठ जोड़ी पायल, 90 हजार रुपये तथा चांदी की स्क्रैप गायब मिली। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# प्रतिबंधित डेढ़ लाख टैबलेट के साथ युवक काबू

■ आरोपी दो साथियों के साथ मिलकर करता था प्रतिबंधित दवाइयों का धंधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने शहर की बैंक कॉलोनी से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से प्रतिबंधित करीब डेढ़ लाख टेबलेट बरामद की है। आरोपी अपने दो साथियों के साथ मिलकर प्रतिबंधित दवाईयों का धंधा करता था। जानकारी के अनुसार सेल के इंचार्ज बलराज सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि बैंक कालोनी में किराये के मकान में रह रहे युवक नशे में प्रयोग होने वाली प्रतिबंधित दवाइयों की सप्लाई करते हैं। इस सूचना पर टीम ने छापेमारी की। मकान से हिमांशु को पकड़ा गया। वहां से डेढ़ लाख टेबलेट बरामद हुई। पूछताछ में पता लगा कि आरोपी अपने साथी लालद्वारा निवासी साहिल व अंबाला निवासी प्रशांत के साथ मिलकर नशे का अवैध रूप से धंधा कर रहा था। वह तीनों एक मकान में रहते हैं।



यमुनानगर की एंटी नारकोटिक्स सेल द्वारा पकड़ा गया आरोपी युवक ।

### नशातस्करों पर की जा रही है लगातार कार्रवाई



एएसपी हिमांद्री कौशिक ने बताया कि नशा तस्करी करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। दो दिन में लगभग तीन लाख प्रतिबंधित दवाइयों के साथ आरोपितों को पकड़ा जा चुका है। इन दवाईयों की कीमत लगभग 15 लाख है। पकड़े गए आरोपित से पूछताछ की जा रही है कि वह कहां से टेबलेट लेकर आते थे। आरोपी के साथियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कपड़ा बेचने के बहाने से घर पर आए दो लोगों ने उड़ाए 25 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

■ पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ किया केस दर्ज

गांव तेजली निवासी सुंदर नगर फेस टू से घर पर कपड़ा बेचने के बहाने से आए दो लोगों ने 25 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसा सुंदर नगर निवासी सिकंद्र खान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 जनवरी को उसके पत्नी जिन्नत खातुन घर पर अकेली थी। इस दौरान दो लोग कपड़ा बेचने के लिए उसके घर पर आए। आरोपी उसकी पत्नी को कपड़ा खरीदने के लिए कहने लगे। उसकी पत्नी ने आरोपियों को कपड़ा खरीदने से मना कर दिया और पड़ोस में चली गई। कुछ देर बाद जब उसकी पत्नी वापस आई तो घर में रखी पेटी खुली पड़ी थी। जांच करने पर पेटी में रखे 25 हजार रुपये गायब थे। उसकी पत्नी ने उसे फोन कर घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन से प्रेरणा लें छात्र

**अंबाला।** अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज (लाहौर) में मंगलवार को नेता जी सुभाष चंद्र बोस की 128 वीं जयंती (पराक्रम दिवस) पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह आयोजन इतिहास विभाग द्वारा करवाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने विद्यार्थियों को सुभाष चंद्र बोस के जीवन से सीख लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. चांद सिंह ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस के जीवन, विचार एवं राष्ट्र के लिए किए गए कार्यों का विस्तृत उल्लेख किया एवं साथ ही आजाद हिंद फौज द्वारा दिए गए बलिदानों का भी वर्णन किया।

## सुगम होगा मार्ग

### पानीपत से छाजपुर रोड होगी चार लेन, एचएसआरडीसी निर्माण करेगा

# सीएम आज वर्चुअल शुभारंभ करेंगे, 75 करोड़ आएगी लागत, सनौली रोड पर सुधरेगी ट्रैफिक व्यवस्था

### खस्ता हालत में पड़े मार्ग का होगा कालाकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶। पानीपत

पानीपत शहर के सबसे व्यस्ततम मार्ग सनौली रोड की कागजी कार्यवाही पूर्ण होने के बाद लगभग 75 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य कराया जाएगा। वही मुख्यमंत्री मनोहर लाल, सांसद संजय भाटिया और विधायक प्रमोद कुमार विज के ड्रीम प्रोजेक्ट सनौली रोड के निर्माण कार्य का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से करेंगे। लम्बे समय से खस्ता हालत में पड़े इस मार्ग का निर्माण कार्य मुख्यमंत्री मनोहर लाल के शिलान्यास करने के उपरांत चालू किया जाएगा। एचएसआरडीसी फोर लेनिंग का काम करेगा। वही 75 करोड़ की लागत से होने जा रहे इस राज मार्ग का लाभ शहर वासियों को तो मिलेगा ही साथ में उत्तर प्रदेश, हरिद्वार व उत्तराखंड के अन्य शहरों में जाने वाले लोगों को एक सुगम मार्ग मिलेगा।

■ उत्तर प्रदेश, हरिद्वार व उत्तराखंड के अन्य शहरों में जाने वाले लोगों को एक सुगम मार्ग मिलेगा



पानीपत। मुख्यमंत्री मनोहर के साथ विधायक प्रमोद विज का फाइल फोटो।

### व्यापारियों के व्यापार में सुधार आएगा

मार्ग के बन जाने से शहरवासियों को आवागमन में आसानी होगी एवं समय की बचत होगी। वहीं इस मार्ग पर निर्भर व्यापारियों का व्यापार सड़क टूटी होने से प्रभावित था, अब मार्ग के बन जाने से व्यापारियों के व्यापार में भी सुधार आएगा। विधायक प्रमोद विज ने बताया कि पानीपत के वंदेमातरम् चौक से गांव कुराड़ तक 11 किलोमीटर राजमार्ग बनेगा। इस राजमार्ग के बनने से आवागमन और अधिक आसान हो जाएगा और सनौली मार्ग जाम मुक्त हो जाएगा। सडक के निर्माण कार्य के पश्चात मार्ग के सौंदर्यीकरण के लिए फैंसी लाइट्स लगाई जाएगी और पौधे रोपे जाएंगे।

# बिजली मंत्री की वादाखिलाफी के विरोध में कर्मियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶। करनाल

ऑल हरियाणा पॉवर कार्पोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी के आह्वान पर राजीव गांधी विद्युत सदन सेक्टर 12 में बिजली मंत्री की वादाखिलाफी के विरोध में धरना देकर अधीक्षक अभियंता के माध्यम से बिजली मंत्री के नाम ज्ञापन भेजा गया। धरने की अध्यक्षता सर्कल सचिव विशाल बनवाला ने की और संचालन सर्कल सचिव राजेंद्र राणा ने किया। सर्कल चेयरमैन एनपी सिंह चौहान व सर्कल सचिव राजेंद्र राणा और विशाल बनवाला ने कहा कि 10 अक्तूबर 2023 को बिजली मंत्री के साथ यूनियन की वार्ता हुई थी। बिजली मंत्री ने कई मांगों पर सहमति प्रकट करते हुए लागू करने की बात कही थी। खेद का विषय है कि कोई भी मांग धरातल पर लागू नहीं हुई। यदि सरकार ने समय रहते कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो आने वाली चार फरवरी को सर्व कर्मचार संघ की आक्रोश रैली में बिजली के सभी कच्चे व पक्के कर्मचारी भाग लेंगे। इस अवसर पर प्रधान यूनिट नंबर एक नरेश मेहला, सचिव यूनिट नंबर दो जय कुमार, असंध यूनिट प्रधान महेंद्र पाल, सिटी यूनिट प्रधान अजीत सैनी, सचिव रमेश शर्मा, संजीव मलिक, शंटी कांबोज, कमलजीत, सुरेंद्र कांबोज, मांगेराम, गुरविंद्रं सिंह, रामतेज, विनोद, रोहित पुनिया, महाबीर सिंह, डिंपल, पवन, मनोहर लाल, संदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।



धरनार्थियों को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### शिविर में 58 रोगियों का जांचा स्वास्थ्य

**टोहाना।** सेवा भारती संस्था द्वारा आर्य समाज मंदिर स्थित स्वामी दयानंद स्वास्थ्य केंद्र में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें रोगियों के स्वास्थय की जांच कर निःशुल्क लैब टैस्ट किये गये। संघ प्रमुख प्रेमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि 500 वर्ष के लंबे संघर्ष के बाद भगवान श्रीराम का भव्य मन्दिर बनकर तैयार है। शिविर में 58 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

### जिला की नई मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

**सिरसा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित कार्यक्रम अनुसार जिला में मतदाता सूचियों की तैयारी के संबंध में 1 जनवरी 2024 को आधार मान कर जिला की सभी सात विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 42-कालांवाली (अ.जा.) 43-डबवाली, 44-रानियां, 45-सिरसा तथा 46-ऐलनाबाद की मतदाता सूचियां का अंतिम प्रकाशन 22 जनवरी 2024 को करवा दिया गया है।

### चोरी मामले में महिला आरोपी को किया शामिल

**रतिया।** सीआईए फतेहाबाद पुलिस ने सरदुलगढ रोड, रतिया के पास राइस मिल में चोरी करने के मामले में पंजाब की एक महिला को शामिल जांच किया है। महिला पर 21 नवम्बर की रात को सरदुलगढ रोड रतिया के पास खेतरपाल राइस मिल से धान चोरी का आरोप था। शिकायतकर्ता ने बताया था कि सरदुलगढ रोड रतिया के पास बाबा खेतरपाल नाम से राइस मिल है। 21 नवम्बर की रात को अज्ञात व्यक्ति उसकी राइस मिल से चावल की बोरियों को चोरी कर ले गया। इस पर पुलिस ने पंजाब के दो युवकों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

### एसबीआई एटीएम में सेंधमारी का प्रयास

**सिरसा।** हिसार रोड पर मुख्य बस स्टेंड पर बने एसबीआई के एटीएम पर 22 जनवरी की रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा एटीएम हुड को जबरन खोलने का प्रयास किया गया। आरोपी ने एटीएम के सेंसर को तोड़ने में कामयाबी हासिल की लेकिन इससे पहले एटीएम सर्विसलांस को इसकी सूचना मिल गई और इस बारे तत्काल पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुका था।

### गणतंत्र दिवस को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

**फतेहाबाद।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को पुलिस लाइन प्रांगण में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों की समीक्षा के लिए लघु सचिवालय के सभागार में उपायुक्त अजय सिंह तोमर की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को समय रहते पूर्ण करने के अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां अंतिम चरण में है। उन्होंने आग्रह किया कि वे गणतंत्र दिवस समारोह में बढ़ चढ़कर भाग लें।

### सेम समस्या के समाधान को लेकर आंदोलन हुआ तेज

# सेम समस्या के समर्थन में बंद रहा भट्टू, 28 को महापंचायत

**धरने के 64वें दिन भट्टू मंडी व भट्टूकलां गांव में लोगों ने अपनी दुकानें बंद कर इस आंदोलन को समर्थन दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

जिले में सेम समस्या के समाधान को लेकर पिछले 2 महीनों से भट्टूकलां में उपतहसील कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे किसानों का आंदोलन तेज हो गया है। भूमि सुधार आंदोलन के तहत धरने के 64वें दिन भट्टू मंडी व भट्टूकलां गांव में लोगों ने अपनी दुकानें बंद कर इस आंदोलन को समर्थन दिया। भट्टू के बाजार मंगलवार को पूरी तरह बंद रहे। काफी संख्या में किसान व व्यापारियों ने अपने-अपने ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, कार, जीप पर सैकड़ों की संख्या में उपतहसील कार्यालय पहुंचकर किसानों के भूमि सुधार आंदोलन को अपना समर्थन दिया। धरने पर पहुंचने वाले लोगों का स्वागत फूल बरसाकर किया गया। पूर्व वित्त मंत्री प्रोफेसर संपत सिंह भी किसानों के समर्थन में धरनास्थल पर पहुंचे और सेम समस्या के समाधान का मामला उठाया।



भट्टूकलां। सेम समस्या को लेकर प्रदर्शन करते भट्टू मण्डीवासी।



भट्टूकलां। आंदोलन के समर्थन में बंद पड़ा बाजार।

बता दें कि लगातार भट्टू उप तहसील कार्यालय के बाहर सेम समस्या के स्थाई समाधान को लेकर 64 दिनों से धरना जारी है। विगत दिनों दो युवा भी यहां अनशन पर बैठ गए थे, जिनमें से एक की तबीयत बिगड़ गई थी। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे किसान नेता कमल बिसला ने कहा कि यह समस्या इतनी जटिल है कि आज पूरा भट्टू इसके खिलाफ एकजुट हो गया है। व्यापारी, किसान, ग्रामीण, महिलाएं सभी इस समस्या को लेकर जागरूक हैं और सभी को पता है कि आने वाले दिनों में पूरे क्षेत्र को सेम निगल सकती है। किसानों के लिए आने वाले समय में नासूर साबित होगी

#### उपतहसील को 14 दिन से ताला जड़ा,अधिकारी नहीं सुन रहे

उन्होंने कहा कि इतना बड़ा आंदोलन चल रहा है, उपतहसील को भी 14 दिन से ताला जड़ा हुआ है, फिर भी सरकार के नुमाइंदो या प्रशासनिक अधिकारियों के कानों पर जू नहीं रेंग रही, जो काफी शर्मनाक है। किसान इस कड़कड़ाती ठंड में सेम की समस्या को लेकर धरने पर डटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि 28 जनवरी को यहां एक महापंचायत का आयोजन होगा। जिसमें राजस्थान से भादरा के पूर्व विधायक बलवान सिंह पूनिया, किसान नेता रवि आजाद, मनदीप नथवान सहित अनेक किसान नेता इस महापंचायत में भाग लेंगे और कोई कड़ा फैसला सरकार के खिलाफ लिया जाएगा। धरने को कांग्रेस नेता आनंदवीर गिला खेड़ा, भजनलाल माचरा, संतोष माचरा, अजीत माचरा ने संबोधित किया।

# बिजली कर्मियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

ऑल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन द्वारा रा'य कार्यकारिणी के आह्वान पर मंगलवार को बिजली कर्मचारियों ने सर्कल कार्यालय में बिजली मंत्री की वायदा खिलाफी को लेकर व मैनेजमेंट के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारी नेता सुभाष कुमार व अजय पासी ने कहा कि कच्चे और पक्के कर्मचारियों की मांगों को लेकर 1 अक्तूबर से लेकर 12 अक्तूबर 2023 तक बिजली मंत्री कैंपस सिरसा में धरना प्रदर्शन जारी रहा। बिजली मंत्री ने कर्मचारियों के विरोध को देखते हुए तीसरे दौर की वार्ता में यूनियन के पदाधिकारियों से 10 अक्तूबर 2023 को मीटिंग चंडीगढ़ में की थी। काफी मांगों पर सहमति बनी थी। दो महीने से बिजली मंत्री व मैनेजमेंट मांगों को लेकर गंभीर नहीं है, जिसके चलते कर्मचारियों में भारी रोष है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनकी बिजली मंत्री से मांग है कि समय रहते जल्द से जल्द मानी हुई मांगों को लागू किया जाए नहीं तो यूनियन को मजबूरन बड़ा आंदोलन करना पड़ेगा। धरना प्रदर्शन करने के बाद एक्सीएन के माध्यम से बिजली मंत्री को कर्मचारियों की मांगों को लेकर मांगपत्र भेजा गया। मौके पर सुरजीत सिंह बेदी, अविनाश चंद्र, सुखदेव सिंह, बाबूलाल, हरिकिशन, कनीराम, विजय सिंह, खुशीराम, कर्णसिंह आदि मौजूद थे।



सिरसा। बिजलीघर में मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बिजली कर्मचारी।

# साक्षात्कार की तैयारी को लेकर विस्तार व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय महिला महाविद्यालय में साक्षात्कार तैयारी व करियर निर्माण में अंग्रेजी भाषा का महत्व विषय से संबंधित विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. हरविंद्र सिंह ने बताया कि डॉ. दलजीत सिंह द्वारा विस्तार व्याख्याता फिरोज गांधी मैमोरियल महाविद्यालय, आदमपुर से अंग्रेजी विषय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संदीप कुमार ने छात्राओं को साक्षात्कार की तैयारी संबंधी अति-उपयोगी टिप्स प्रदान किए। उन्होंने कहा कि साक्षात्कार का सामना करने के लिए जहां संबंधित विषय का सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक ज्ञान अनिवार्य है। वहीं इसके लिए आत्मविश्वास अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने साक्षात्कार समिति के समक्ष उपस्थित होने के लिए औपचारिक, सहज एवं उपयुक्त परिधान को भी नितांत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में अंग्रेजी के महत्व को ध्यान में रखते हुए अंग्रेजी भाषा में दक्षता भी करियर निर्माण में अत्यंत उपयोगी साबित हो सकती है। उन्होंने छात्राओं द्वारा पूछे प्रश्नों के सटीक एवं स्पष्ट उत्तर दिए। इस अवसर पर प्रो. रितु, डॉ. प्रदीप कुमार, प्रो. सविता दहिया, डॉ. मनीषा गर्ग, डॉ. सतपाल बैनीवाल, सुमित शर्मा आदि ने उपस्थिति दर्ज करवाई।

### आढ़ती के खिलाफ लामबंद हुए किसान

**डबवाली।** भारतीय किसान एकता के बैनर तले किसानों की एक सभा यूनियन नेता लखविंदर सिंह, अंग्रेज सिंह आदि के नेतृत्व में डबवाली अनाज मंडी में संपन्न हुई। इस बैठक व इसके बाद डबवाली के एक आढ़ती हरीश गुप्ता के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते सरकार से कार्रवाई की मांग की गई।

किसानों का आरोप था कि उक्त आढ़ती के परिवार के सदस्य प्रभावशाली पद पर आसीन है। इसी का यह आढ़ती नाजायज फायदा उठाकर किसानों को कथित रूप से प्रताड़ित करता है। किसानों से खाली चेक व प्रनोट ले रखे हैं। इसके बाद किसानों पर उक्त आढती द्वारा कार्रवाई की जाती है। किसान संगठन के प्रतिनिधियों ने इस मामले में उच्चस्तरीय जांच करवाकर कार्रवाई करने की अपील की है।

# 25 छात्राओं के दांतों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

चौधरी मनीराम गोदारा राजकीय महाविद्यालय, भोडिया खेड़ा में मंगलवार को डेंटल अवेयरनेस एंड डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप के दौरान 25 छात्राओं के दांतों की जांच की गई। एडवांस्ड लेजर दूरबीन द्वारा डेंटल लूप्स की भी जांच की गई। इस अवसर पर मेहता डेंटल क्लिनिक की तरफ से डॉ. करण मेहता और डॉ. काजल बजाज ने संयुक्त रूप से विस्तार व्याख्यान में भाग लेकर छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। उन्होंने कहा कि हमारे मुंह का स्वास्थ्य भी हमारे शरीर के स्वास्थ्य जितना ही जरूरी है। इतना ही नहीं दांतों की बीमारियां हृदय रोग, कैंसर और डायबिटीज से भी जुड़ी हो सकती है। ऐसे में जरूरी है कि हम अपने दांतों के स्वास्थ्य का खास ध्यान रखें और साथ ही दांतों से जुड़ी बीमारियों के बारे में जाने। उन्होंने दांतों की बिमारियों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवेयरनेस कैंप में टेढ़े मेढ़े दांतों की समस्या और उनका इलाज बताया। उन्होंने पेनलेस तरीके से अकल जाड़ का इलाज, पायरिया का इलाज, सांस में बदबू व दांतों में कीड़े लगने की समस्या के बारे में बताया।



फतेहाबाद। राजकीय महिला महाविद्यालय में डेंटल अवेयरनेस एंड डेंटल चेकअप कैंप में छात्राओं के दांतों की जांच करते डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

# मुख्यमंत्री आज करेंगे 66 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल 24 जनवरी को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला सिरसा से संबंधित लगभग 66 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल 24 जनवरी को लगभग 66 करोड़ रुपये विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। इनमें बिजली वितरण निगम की 33 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत की चार परियोजनाओं का उद्घाटन तथा सिंचाई विभाग व मार्केटिंग बोर्ड की 24 करोड़ 79 लाख रुपये की 8 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

#### इन परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास

मुख्यमंत्री मनोहर लाल 24 करोड़ 79 लाख रुपये की 8 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे, जिनमें 4 करोड 50 लाख रुपये की लागत से हिसार घग्गर मल्टीपर्पज ड्रेन के लिए शेरांवाली पैरलल चैनल, दक्षिणी घग्गर नहर और घग्गर बांध निकास मार्ग का निर्माण कार्य, 8 करोड़ 78 लाख 70 हजार रुपये की लागत से आरडी 65000-116596 टेल से डबवाली डिस्ट्रीब्यूटरी की रीमॉडलिंग, 4 करोड़ 97 लाख 35 हजार रुपये की लागत से आरडी 0-57300 टेल से जंडवाला डिस्ट्रीब्यूटरी की रीमॉडलिंग, एक करोड़ 10 लाख 51 हजार रुपये की लागत से धोतड़ से खारियां तक सड़क की विशेष मरम्मत, एक करोड़ 13 लाख 40 हजार रुपये की लागत से साहूवाला से शुगर मिल पन्नीवाला मोटा तक सड़क की विशेष मरम्मत, एक करोड़ 5 लाख 12 हजार रुपये की लागत से फतेहपुरिया से मेहना खेड़ा तक सड़क का पुनर्निर्माण, एक करोड़ 74 लाख 19 हजार रुपये की लागत से जोधपुरिया से धोतड़ तक सड़क की विशेष मरम्मत व एक करोड़ 49 लाख 85 हजार रुपये की लागत से चारदीवारी के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे।

#### इन परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण

मुख्यमंत्री मनोहर लाल 33 करोड़ 77 लाख रुपये की लागत की चार परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। 6 करोड़ 40 लाख 15 हजार की लागत से गांव गोरीवाला में 33केवी सब स्टेशन, 4 करोड़ 66 लाख 43 हजार की लागत से हुड्डा सेक्टर 20 में 33 केवी सब स्टेशन, 9 करोड़ 23 लाख 68 हजार की लागत से गांव फतेहपुर नियामत खां में 33 केवी सब स्टेशन व 13 करोड़ 47 लाख की लागत से 132/33 केवी पावर ट्रांसफार्मर के साथ 132 केवी एआईएस का निर्माण उपरांत लोकार्पण करेंगे।

# दिव्यांगजनों को 26 को मिलेंगे सहायक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला फतेहाबाद के सभी दिव्यांगजनों को 26 जनवरी को स्थानीय डीपीआरसी हाल में एल्मिको कंपनी के सहयोग से जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा एक करोड़ 15 लाख रुपये की राशि से अधिक के विभिन्न सहायक उपकरण, मोटराइज्ड तिपहिया रिक्शा, तिपहिया रिक्शा, व्हील चैयर सहित अन्य उपकरण वितरित किए जाएंगे। ये उपकरण उन दिव्यांगजनों को दिए जाएंगे जिन्होंने गत 3 अक्टूबर को सहायक उपकरण लेने के लिए पंजीकरण करवाया था। जिला उपायुक्त एवं रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को अपने साथ कैम्प में मिली पर्ची, मेडिकल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, फैमिली आईडी व यूडीआईडी कार्ड साथ लाना होगा। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की एल्मिको कम्पनी द्वारा अक्टूबर, 2023 में फतेहाबाद जिले के विभिन्न स्थानों पर कैम्प लगाए गए थे और उनकी जांच कर सूची तैयार की गई थी, उन सभी के उपकरण रेडक्रॉस सोसायटी को प्राप्त हो चुके हैं। उपायुक्त ने बताया कि सभी दिव्यांगजन को रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से सूचना दी जा रही है ताकि वे उपस्थित हो सकें।

# विद्यार्थियों ने सुंदर कांड का पाठ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

महाराजा अग्रसेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भगवान श्रीराम के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय प्राचार्या नीलम नागपाल व प्रशासिका अमीशा गर्ग उपस्थित रहे। उन्होंने समस्त स्टाफ सदस्यों के साथ भगवान श्रीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा रंगोली, ध्वजाओं व दीयों से स्कूल प्रांगण को भव्य तरीक्के से सजाया। स्टाफ सदस्यों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण व हनुमान के वेश में उपस्थित विद्यार्थियों का फूलों की वर्षा कर स्वागत किया। उसके पश्चात स्कूल के विद्यार्थियों ने मेरे राम आए है, मेरी झोपडी के भाग खुल जाएंगें आदि भजनों के माध्यम से उपस्थिति को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर हनुमान चालीसा व सुंदर कांड का पाठ किया गया। प्राचार्या नीलम नागपाल ने सभी को भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प दिलाया।

■ **महाराजा अग्रसेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम**



टोहाना। महाराजा अग्रसेन स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी

# मांगेआना में 24 व 25 को लगेगा फल मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

उद्यान विभाग द्वारा फल उत्कृष्टता केंद्र मांगेआना में 24 व 25 जनवरी, 2024 को दो दिवसीय 6वां फल मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में 25 जनवरी को हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगे। फल उत्कृष्टता केंद्र मांगेआना के उप निदेशक सत्यवीर शर्मा ने बताया कि मेले में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल, उद्यान हरियाणा के महानिदेशक राजनारायण कौशिक सहित विभागीय उच्च अधिकारी भी शिरकत करेंगे। इस एक्सपो में जिला सिरसा, फतेहाबाद व हिसार के साथ-साथ प्रदेशभर से लगभग 3000 से अधिक किसान भाग लेंगे। एक्सपों के दौरान तकनीकी सत्र में केंद्र पर कार्यरत व विभागीय अधिकारियों द्वारा किसानों को केंद्र पर स्थापित विभिन्न फलदार फसलों के बाग के प्रदर्शन प्लांटस, उच्च हरित गृह में सॉयललेस मीडिया में हाईब्रिड सब्जियों के उत्पादन, संरक्षित नेट हाउस में पौधों को तैयार करने की विधि, विभिन्न अंतराल, रिज व फलैट विधि द्वारा पौधारोपण, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली द्वारा सिंचाई, खाद देने बारे में चलाई जा रही स्कीमों के बारे में बताया।



सिरसा। तहसीलदार आश्वासन देकर धरना समाप्त करवाते हुए।

### तहसीलदार ने आश्वासन देकर धरना करवाया स्थगित

**सिरसा।** पिछले करीब दो माह से लघु सचिवालय में नगर परिषद में भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर धरनारत समाजसेवी गुरलाल सिंह को तहसीलदार सिरसा ने उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर धरना स्थगित करवा दिया। वहीं गुरलाल सिंह ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कार्रवाई नहीं होती है तो वे अपना संघर्ष फिर से शुरू कर देंगे। गुरलाल सिंह ने बताया कि नगर परिषद में जारी भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर वह पिछले दो माह से वह लघु सचिवालय में धरना दे रहा है, लेकिन बार-बार अवगत करवाने के बाद भी अधिकारियों की ओर से गौर नहीं किया जा रहा था। गुरलाल सिंह ने बताया कि नगर परिषद अधिकारियों व ठेकेदारों द्वारा मिलकर अपनी जेबें भरने के लिए जनता के खून पसीने की कमाई को कागजों में काम दिखाकर चट किया जा रहा है। अवैध कॉलोनियों में टेंडर लगाकर सरकारी राशि को बर्बाद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अभी तक वह धरने तक ही सीमित था, अगर अधिकारियों ने इस संबंधी कोई ठोस संज्ञान नहीं लिया तो कानूनी लड़ाई लड़ी जाएगी।

### महिलाओं की एक दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन

# मटका दौड़ प्रतियोगिता में भूना की निर्मला प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय भूना के तत्वावधान में महिलाओं की एक दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी जोगिंदर कौर ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुपरवाइजर पंकज शर्मा व मंगलेश नेहरा ने संयुक्त रूप से की। मंच का संचालन सुपरवाइजर मोनिका ने किया। समापन पर विजेताओं को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित करके किया।

कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर महिलाओं के लिए खेल-कूद प्रतियोगिता सरकार द्वारा किया जाना सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि एक दिन के लिए ग्रामीण महिलाओं को चूल्हा-चौका से राहत पाकर खेलों में अपना दमखम दिखाने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं को आगे लाने के उद्देश्य से ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन करना ही मकसद है। मौके पर सुपरवाइजर पंकज शर्मा, सपना, राजेश्वरी, महा सिंह, सुशील कुमार, विजय कुमार, डीपीई सुरेश कुमार व डीपीई जसवंत सिंह ने खेलों को शांति पूर्वक करवाने में भूमिका निभाई।



भूना। मटका दौड़ में भाग लेती महिलाएं।

#### 25 गांवों की महिला शामिल

खंड स्तरीय प्रतियोगिता में 25 गांवों की महिला एवं लड़कियों ने भाग लिया। 30 वर्ष से कम आयु कि प्रतियोगिता में 5 किलोमीटर की साइकिल रेस में ढाणी सांचला की पूजा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही धौलू की सुमन देवी ने द्वितीय तथा सानिया नहले ने तृतीय स्थान हासिल किया। 300 मीटर दौड़ में मोचीवाली गांव की बंती देवी प्रथम व डूल्ट की केलापति द्वितीय तथा नहला की काजल तृतीय स्थान पर रही। 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग महिलाओं में 100 मीटर चाल प्रतियोगिता में दर्शन ढाणी भोजराज प्रथम व राजपति भूना द्वितीय तथा जांडलीकला की सुनीता तृतीय स्थान पर रही। मटका दौड़ प्रतियोगिता में भूना की निर्मला प्रथम व नहला की सोनू रानी द्वितीय व चौबारा की भतेरी तीसरे स्थान पर रही।

### भूकंप से निपटने के लिए 30 जनवरी को मॉक ड्रिल

**सिरसा।** भूकंप व अन्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए आगामी 30 जनवरी को प्रदेश के सभी जिलों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। यह बात अतिरिक्त उपायुक्त डा. विवेक भारती ने मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की वीडियो कॉफ्रेंस के उपरांत जिला के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कही। कहा कि जिला मुख्यालय स्तर पर 30 को भूकंप से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

**सूचना**

मैं, हरजिंदर सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी गांव म्योंद कलां, तहसील टोहाना, जिला फतेहाबाद, मैंने अपने पासपोर्ट में अपनी जन्मतिथि 09.04.1974 को बदलकर वास्तविक दस्तावेजों के अनुसार 01.04.1977 कर ली है।

आडम्बरों जातिवाद और अंधविश्वासों के खिलाफ थे सुभाष चंद्र बोस

# पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई बोस की जयंती पुस्तकालय को भेंट की उनके जीवन से जुड़ी पुस्तक

## द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान सैन्य रणनीतियों के लिए जाना जाता है नेताजी को

### श्रमिक व किसान संगठनों को सामूहिक मान्यता देकर स्वाधीनता संग्राम की मुख्यधारा में लाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मोहम्मदपुर रोही में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत नेताजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य व शिक्षाविद् भगवान दत्त ने वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. एमएम जुनेजा द्वारा लिखित पुस्तक 'नेताजी भारतीयों के हृदय-सम्राट क्यों' की प्रतियां पुस्तकालय इंचार्ज मेवा सिंह को भेंट की ताकि छात्राएं सुभाष चन्द्र बोस के विचारों को पढ़कर उन्हें समझ सकें। उनके व्यक्तित्व से प्रभावित होकर देश के प्रति निष्ठावान बन सकें। छात्राओं व शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्राचार्य भगवान दत्त ने कहा कि सुभाष चन्द्र बोस आडम्बरों, जातिवाद, अंधविश्वासों के खिलाफ थे। वे कहते थे कि आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से समान हितों को महत्व देकर ही हम साम्प्रदायिक असहमतियों से मुक्त हो सकेंगे। श्रमिक संघों व किसान संगठनों को सामूहिक मान्यता देकर स्वाधीनता संग्राम की मुख्यधारा में लाना चाहिए।



फतेहाबाद। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन से जुड़ी पुस्तक भेंट करते एमपी रोही स्कूल प्राचार्य भगवान दत्त।

### नेताजी ने सुख त्याग कर, देशसेवा का संघर्षमय रास्ता अपनाया

नेताजी का मानना था कि आजादी के बाद पुनःनिर्माण में निर्धनता, निरक्षता, समानता तथा विज्ञान-सम्मत उत्पादन एवं वितरण से जुड़ी मुख्य राष्ट्रीय समस्याएं समाजवादी पद्धति से ही सुलझाई जा सकेंगी। वे सम्प्रदायवाद का धूर्ततापूर्ण अनुसरण के खिलाफ थे। भगवान दत्त ने कहा कि नेताजी ने अपने सभी स्वार्थ व सुख त्याग कर, देशसेवा व भारत की आजादी का संघर्षमय रास्ता अपनाया। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश कादयान ने कहा कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस देशवासियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। उनका जीवन चुनौतियों को स्वीकार करके देश के प्रति समर्पित होने का भाव जगाता है। उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजली यही है कि हम उनके विचारों को आगे बढ़ाएं। विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ प्राध्यापिका आशा रानी, दीपिका सेठी, इन्दू भारती, शशिबाला, सुनीता रानी, कमलेश कुमारी, सुजाता रानी, वीना रानी, अनिता रानी, रणवीर सिंह, मेवा सिंह, धर्मवीर सिंह, रमेश शास्त्री डीपीई, अशोक कुमार, दिलबाग सिंह, हनुमान सिंह, सुरेन्द्र सिंह, गुरदीप आदि मौजूद रहे।

### आजादी की लड़ाई में नेताजी का अहम योगदान : सतवीर

चोपटा। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूसरी कलां में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के उपलक्ष्य में सेमिनार व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्राचार्य सतवीर सिंह ढिढारिया ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में नेताजी सुभाष चंद्र का नाम सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है। स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका के साथ-साथ द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उन्हें उनके सैन्य रणनीतियों के लिए जाना जाता है। वह भारत के लिए पूर्ण स्वतंत्रता के प्रबल समर्थक भी थे। स्वतंत्रता की लड़ाई के दौरान वह 11 बार जेल भी गए। उन्होंने स्वराज नामक अखबार की शुरुआत की, नेताजी चाहते थे कि महिलाएं आईएनए में भर्ती हों, आजाद हिंद फौज के गठन ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई पहचान दी। प्रवक्ता एवं निफा हरियाणा महासचिव दलबीर सिंह ने नेताजी के जीवन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की और कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उनकी सैन्य रणनीति बहुत सफल रही। तुम मुझे खून दो मैं तु हें आजादी दूंगा का नारा पूरे भारत में गूंज उठा। निबंध लेखन में नेहा प्रथम, सुमन द्वितीय तथा भाषण प्रतियोगिता में इच्छा प्रथम स्थान तथा मनीषा द्वितीय स्थान पर रही। इसके अलावा समीक्षा, वंदना, प्रीति, धापा आदि आदि छात्राओं को टीम निफा, मातृभूमि वेलफेयर सोसाइटी और नेहरू युवा केंद्र द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रवक्ता संदीप झोरड़, लीलाधर बैनीवाल, सोहन सिंह, राजेश लाखलान, सतवीर सिंह, अजय पाल साइंस अध्यापक, बिशनलाल सहित विद्यालय के छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

### नेताजी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

कांग्रेस भवन में मंगलवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कांग्रेसजनों में नेताजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक में एक बंगाली परिवार में हुआ था। भारत को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने में इनका बहुत बड़ा योगदान था। तुम मुझे खून दो-मैं तुम्हें आजादी दूंगा, जय हिंद-जय भारत और दिल्ली चलो जैसे नारों से उन्होंने देश के युवाओं में देशभक्ति की लौ जलाई थी। स्वतंत्रता की लड़ाई में पहले ये महात्मा गांधी के ही साथ थे, लेकिन बाद में अलग होकर इन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने की योजना बनाई। जिसके तहत उन्होंने साल 1939 में फॉरवर्ड ब्लॉक की स्थापना की और इसके बाद साल 1943 में 21 अक्तूबर को आजाद हिंद फौज की स्थापना की। इसकी स्थापना के पीछे उनका उद्देश्य था कि स्वतंत्रता की लड़ाई में युवा उनकी फौज से जुड़ सकें। 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई जाती है। इस दिन को पराक्रम दिवस के रूप में भी जाना जाता है। इस मौके पर पूर्व सांसद डॉ. सुशील इंदौरा, प्रदेश प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा, युवा प्रदेश महासचिव मोहित शर्मा, आजाद केलनिया, रामदास बजाज, नायब सिंह थिराज, शंकर ठेकेदार, विनोद हिटलर, आदि मौजूद थे।

### दुनियाभर में साहस और शौर्य का प्रतीक थे नेता जी



फतेहाबाद। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को याद करते भाजपा नेता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

महान क्रान्तिकारी, देशभक्त नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष बलदेव सिंह ग्रोहा के नेतृत्व में जिलेभर बूथ स्तर पर श्रद्धाभाव से मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाते हुए उन्हें पुष्पांजलि देकर व माल्यार्पण कर नमन किया। इसी कड़ी में लघुसचिवालय के पास स्थित शहीद स्मारक पर भाजपा के जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा ने कार्यकर्ताओं के संग नेता जी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई। ग्रोहा ने सुभाष चन्द्र बोस व अन्य शहीदों को माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा उनके जीवन काल को याद किया। ग्रोहा ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हे आजादी दूंगा' का नारा बुलंद कर देशवासियों में जनून भरने वाले नेता जी सुभाष चन्द्र बोस 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक में जानकीनाथ बोस और प्रभावतीदत्त बोस के घर जन्में थे। युवाओं के जोशीले नेताजी के रूप में भारत के तमाम नवयुवकों के हीरो थे। जो जीवन की चुनौतियों को स्वीकारना जानते हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भारत प्रेरणाओं वाला देश है। महापुरूषों ने न केवल भारत के नौजवानों के लिए उत्साहवर्धन का काम किया है अपितु दुनिया भर में साहस और शौर्य का प्रतीक बने हैं।

विपरीत परिस्थितियों से लड़कर जीत हासिल करने में पारंगत लोगों की फेहरिस्त में अग्रणी नाम है नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का। जीवन की जटिलताओं को सरल बनाने का साहस जैसा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस में दिखाई देता था, ऐसा कम ही देखने को मिलता है। जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा ने कहा कि नेता जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए हमें भी अपने देश के लिए हमेशा समर्पित रहने का संकल्प लेना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### पटाखा फैक्ट्री विस्फोट के तीसरे घायल की भी मौत

**डबवाली।** डबवाली में गत 10 जनवरी को एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में गंभीर रूप से घायल नर सिंह कॉलोनी निवासी बालक गोपाल पुत्र छोटे लाल की फरीदकोट में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। इस प्रकार इस हादसे में मृतकों की संख्या तीन हो गई है। गोल बाजार चौकी इंचार्ज राज कौर के मुताबिक मृतक गोपाल का मंगलवार को डबवाली सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### कांग्रेस नेताओं ने कई गांवों का किया दौरा

**फतेहाबाद।** कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन व पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का संदेश लेकर चली कांग्रेस की संदेश यात्रा का फतेहाबाद में स्वागत एवं जनसभा के लिए कांग्रेस के नेताओं द्वारा गांवों में निमंत्रण का दौर जारी है। कांग्रेसी नेताओं ने आज चौथे दिन बरसीन, बीसला, माजरा, ढाणी माजरा, आदि गांवों में पहुंचकर लोगों को कांग्रेस की संदेश यात्रा के स्वागत समारोह व किरढ़ान में विशाल जनसभा के लिए निमंत्रण दिया।

### तीन दिवसीय शिविर में 165 की जांची आंखें

**सिरसा।** श्रीराम हंस चैरिटेबल अस्पताल की ओर से स्व. हंसराज चावला की 23वीं पुण्यतिथि पर लगाए गए तीन दिवसीय नेत्रजांच शिविर में 165 लोगों की आंखों की जांच की गई और 18 लोगों के ऑप्रेशन किए गए। ट्रस्ट के चेयरमैन व समाजसेवी अमीर चावला ने बताया कि शिविर में आए सभी लोगों को निःशुल्क चश्में व दवाइयां वितरित की गई। उन्होंने शिविर में ऑप्रेशन करवाने आए लोगों का हालचाल भी जाना।

### जगदीश बने भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य

**सिरसा।** प्रदेश नेतृत्व की ओर से मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व राजनीतिक सलाहकार रहे जगदीश चोपड़ा को भाजपा राष्ट्रीय परिषद का सदस्य बनाया गया है। अपनी नियुक्ति पर जगदीश चोपड़ा ने केंद्रीय नेतृत्व नरेंद्र मोदी, जेपी नढ़ा, मुख्यमंत्री मनोहरलाल, प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी सहित तमाम पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त किया। वहीं सिरसा में भी उनकी नियुक्ति पर भाजपा पदाधिकारियों और समर्थकों ने उनके आवास पर जाकर बधाई दी।

## नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित

- गांव ढूकड़ा में मनाई गई सुभाष चंद्र बोस की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चोपटा

गांव ढूकड़ा में आज ग्राम पंचायत के सदस्यों व ग्रामवासियों द्वारा सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर पुष्प अर्पित कर नेताजी को याद किया गया। इस अवसर पर गांव के सरपंच राजेंद्र ढूकड़ा ने बताया कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी ने किस तरह आज़ाद हिन्द फौज के माध्यम से आज़ादी की लड़ाई लड़ी। उन्होंने यह भी बताया कि ग्राम पंचायत ढूकड़ा गांव में आज़ादी के पुरोधाओं के चित्र पेंटिंग करवा रही है। जिससे आज के युवाओं को प्रेरणा मिलती रहे। इस अवसर पर कालू राम ने अपनी मधुर वाणी से देशभक्ति गीत भी प्रस्तुत किया। सरपंच राजेंद्र ढूकड़ा ने बताया कि ग्रामपंचायत लगातार पूरे गांव में सफाई के कार्य करवा रही है तथा स्वच्छता भी एक देशभक्ति का माध्यम है।

इस मौक़े पर अन्य ग्रामवाशी भी मोजूद रहे। सभी ग्राम वासियों ने नेताजी के बलिदान को याद करते हुए उनकी देशप्रेम की भावना तथा राष्ट्रहित के कायार्े को लेकर उनको याद किया। इस अवसर पर रामस्वरूप, संदीप बिरड़ा, संजय माकड़, भाल छिम्पा, भूपेन्द्र सुथार, मनोज शर्मा, प्रताप, भूप शर्मा, मनोज लदोईया, रोहतास कुलरिया, सोनू कुलरिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।




सिरसा। गांव ढूकड़ा में नेताजी को याद करते ग्रामीण।

## अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी निर्वहन करें

- नेताजी की जयंती पर अनेक स्थानों पर किए गए श्रद्धासुमन अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

भारतीय वायुसेना केंद्र सिरसा के एयर कोमोडोर रमन गोयल ने कहा कि नेताजी ने कहा कि था, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। उस समय देश लहू मांगता था। क्रांतिकारी वीरों की आवश्यकता थी और उनके अथक प्रयासों से ही आजादी प्राप्त हुई, परंतु अब जब आजादी हमें प्राप्त हो गई है, तो अब हमें राष्ट्र प्रथम के बारे में सोचना है। वे हरियाणा तरुण संघ की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती पर बतौर मुख्यातिथि उपस्थितिजनों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक व्यक्ति यह विचार कर ले, मेरी गली, मेरा गांव, मेरा मोहल्ला और मेरा देश को अपना समझ ले तो बहुत सी समस्याएं अपने आप हल हो जाएंगी। प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के साथ अपनेकर्तव्यों का भी निर्वहन करना चाहिए। उन्होंने स्काउट और एनसीसी कैडेट्स को विशेष रूप से कहा कि आप कल का भविष्य हो। अपने जोश को बरकरार रखें एवं अपने आप को राष्ट्रीयता की भावना से ओतप्रोत करें। आजकल की युवा पीढ़ी को उन्होंने इलेक्ट्रोनिक गजट यानि, मोबाइल, कंप्यूटर व टीवी के दुरुपयोग से बचने की सलाह दी और बच्चों से अपना समय राष्ट्र हित एवं समाजहित के कायार्े में लगाने का आह्वान किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में द्वारका प्रसाद महेश्वरी की प्रसिद्ध कविता का विशेष रूप से उल्लेख किया। साथ ही आयोजक हरियाणा तरूण संघ के बारे में कहा कि आप सभी लोग बधाई के पात्र हैं कि विगत 55 वषो से नेताजी की जयंती पर कार्यक्रम करते आ रहे हैं।



सिरसा। सुभाष चौक पर नेता जी को याद करते हुए रमन गोयल व अन्य,कांगेस भवन में नेजाजी की जयंती मनाते कांग्रेसजन। फोटो : हरिभूमि

### कैबिनेट मंत्री देवेंद्र बबली ने काटा गायों के लिए 5111 किलो का गो मिष्ठान केक



टोहाना। अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के उद्घाटन पर शिवनंदी गौशाला में मुख्यातिथि के रुप में उपस्थित कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने गऊ माता के लिए बने 5111 किलों के केक को काटकर गायों को खिलाया। वहीं उन्होंने भगवान श्रीराम लला की आरती की। इस अवसर पर संयोजक धर्मपाल सैनी, नप चेयरमैन नरेश बंसल, वाईस चेयरपर्सन नीरू सैनी, पार्षद संजय सपड़ा, पार्षद प्रतिनिधि शंकर मित्तल, अमित भाटिया, बलदेव सैनी, विक्रम गर्ग, रमेश गोयल, संजय धतरवाल, सचिन भाटिया, गौरव भाटिया, राजकुमार सैनी, सुभाष सैनी, नसीब सैनी, कृष्ण सैनी, केशव बंसल, सुभाष भुटानी, मीनू बांगा, स्वीटी मेहता, अनिता मेहता, पम्मी भुटानी, नंदीशाला प्रबंधक रामकुमार, सरदारा राम, महावीर सैनी, महेंद्र सैनी, बृजेश सैनी, रिशिपाल, प्रेम सैनी, भीम सिंह, अनिल सैनी, रूप सैनी आदि उपस्थित थे।

## लोगों के लिए लाभकारी साबित हुई यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टोहाना

प्रदेश के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति का विकास ही केंद्र और प्रदेश सरकार की सवार्ेच्च प्राथमिकता है। वर्तमान सरकार की सोच है कि वंचित पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाते हुए उसे समाज की मुख्यधारा में लाना है। सभी नागरिक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा द्वितीय चरण में सभी ग्रामीण क्षेत्र के उपरांत मंगलवार को टोहाना शहर के वाडार्े के लिए लघु सचिवालय परिसर व रेलवे रोड नई अनाज मंडी में पहुंची, जहां पर कैबिनेट मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे कार्यक्रम में पात्र लोगों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थितजनों को भारत देश को 2047 तक विकसित बनाने की शपथ भी दिलाई। कैबिनेट मंत्री देवेन्द्र बबली ने कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को गैस सिलेंडर और चूल्हा वितरित किए। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रचार सामग्री वितरित की और गीतों व भजनों के माध्यम से सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।



टोहाना। विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण के तहत योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली।

## डॉ. पुनिया को आगामी चुनावों में मिली बड़ी जिम्मेदारी

- पुनिया कांग्रेस हरियाणा चुनाव समिति और राजनीतिक मामलों की समिति के सदस्य नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव एवं आंतरिक संचार के प्रभारी डॉ. विनीत पुनिया को हरियाणा के आगामी चुनावों में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने डॉ. पुनिया को हरियाणा की चुनाव समिति और राजनीतिक मामलों की समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। उनकी इस नियुक्ति से फतेहाबाद में उनके समर्थकों में ख़ुशी का माहौल है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी किए गए पत्र में डॉ. विनीत पुनिया को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश चुनाव समिति और राजनीतिक मामलों की समिति में शामिल किया गया है। चुनाव समिति में पहले 24 सदस्य और राजनीतिक मामलों की समिति में 51 सदस्य शामिल थे। फतेहाबाद के रहने वाले डॉ. विनीत पुनिया का कद पिछले कुछ वषार्े में कांग्रेस में राष्ट्रीय स्तर पर लगातार मजबूत होता जा रहा है। वर्ष 2017 में उन्हें कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पार्टी के संचार विभाग में सचिव की जिम्मेदारी दी थी। इस जिम्मेदारी को उन्होंने पांच साल तक बखूबी निभाया। उनके बेहतरीन कार्य को देखते हुए उन्हें वर्ष 2022 में कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव और आंतरिक संचार विभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया था। वर्ष 2023 में उन्हें एआईसीसी सदस्य चुना गया था और वे मल्लिकार्जुन खरगे के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में उनके गिने चुने प्रस्तावकों में शामिल थे। डॉ. पुनिया कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में उत्तर पूर्व भारत से शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होकर मीडिया प्रबंधन का अहम जिम्मा संभाल रहे हैं। फतेहाबाद से उठकर किसी राष्ट्रीय दल में अहम भूमिका निभाकर देश की राजनीति में अपनी जगह बनाने वाले डॉ. पुनिया पहले व्यक्ति हैं। उनका परिवार पिछले तीन दशक से समाज सेवा और फतेहाबाद की राजनीति में लगातार सक्रिय है। उनके समर्थकों में उत्साह का माहौल है।



डॉ. विनीत पुनिया

### पूर्व सीपीएस ने कहा, बीते चुनाव से ही टिकट उनके पास

# किसी भी दावेदार को टिकट देने का वायदा नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पूर्व विधायक एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव प्रहलाद सिंह गिल्लांखेड़ा ने कहा कि फतेहाबाद से टोहाना शिफ्ट किया गया मेडिकल कॉलेज जिला मुख्यालय पर ही कामयाब हो सकता है।

सरकार इसे वापस फतेहाबाद में लेकर आए। इस मुद्दे पर उन्होंने स्थानीय भाजपा विधायक को फेल करार दिया। आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक ने कांग्रेस की टिकट के दावे पर कहा कि पिछले चुनाव से ही टिकट उनके पास है, दावे का तो सवाल ही नहीं उठता। प्रहलाद सिंह गिल्लांखेड़ा ने कहा कि जब से उदयभान कांग्रेस के हरियाणा प्रधान बने हैं, तब से हरियाणा में 37 पूर्व विधायकों ने कांग्रेस ज्वाइन की, रोज ही नए साथी कांग्रेस में आ रहे हैं, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कांग्रेस कितनी मजबूती से आगे बढ़ रही है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा व दीपेंद्र हुड्डा लगातार हरियाणाभर में कार्यक्रम कर रहे हैं और हर जगह भारी संख्या में लोग कार्यक्रमों में पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता देश में धर्म और जाति की राजनीति को हटाने वालों को हटाकर दोबारा कांग्रेस को मौका देगा, जिससे देश फिर विकास की पटरी पर आएगा। पार्टी में फतेहाबाद से टिकट के दावे पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने अभी तक किसी भी दावेदार को टिकट देने या ना देने का कोई वादा नहीं किया, पिछली बार वे पार्टी के उम्मीदवार थे तो उनके पास टिकट है ही, इसलिए दावे की बात ही नहीं उठती, यदि कहीं कोई कमी रही है तो पार्टी उनसे बात करेगी। हरियाणा कमेटी अब सर्वे रिपोर्ट भेजेगी, उसके बाद नाम तय होगा, उससे पहले दावा करना सही नहीं है। सेम की समस्या पर उन्होंने कहा कि जिस किसान के खेत में सेम आ गई, समझो उसके लिए मरण हो गया। किसानों के खेतों में जाकर देखें तो खेतों में एक दाना तक पैदा नहीं हुआ, किसान अपने फसलों के लिए भी चारा नहीं उगा पा रहा। सेम के लिए बजट भी सरकार नहीं दे रही।



पूर्व विधायक प्रहलाद सिंह गिलांखेड़ा

### किसानों की समस्या का स्थाई हल निकाले सरकार : गिलांखेड़ा

किसान आज धरने पर हैं, इसलिए सरकार इसका परमानेंट हल निकाले। जब तक सेम की समस्या का हल परमानेंट नहीं होता, तब तक पीड़ित किसानों को चिन्हित करके सेम के लिए मुआवजा दिया जाए, कम से कम बिजली बिल तो माफ करे। सरकार सेम प्रभावित इलाकों में मत्स्य पालन को बढ़ावा दे, 100 प्रतिशत तक सब्सिडी दे, उन्हें यहां बांस की खेती के लिए प्रोत्साहित करे। तभी यहां किसान उन्नत हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि उनके विधायक रहते उन्होंने जो काम किए थे, उनसे वे पूरी तरह संतुष्ट हैं। गांवों में आरोही मॉडल स्कूल, कस्तूरबा गांधी स्कूल बने, शहर में मिनी बाईपास, पार्किंग, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बने, नहरी पानी की सप्लाई हुई, उसके बाद कोई कार्य फतेहाबाद में नहीं हुआ, बल्कि उनके कार्य को भी विधायक संभाल नहीं पाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530207, 9253681005